Nai Dunia (Indore), 19th August 2023, Nai Dunia City, Page – IV

# आइ-5 में दिग्गजों का मंथन

देश में नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारतीय प्रबंध संस्थान (आइआइएम) इंदौर और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) इंदौर द्वारा आइ-5 समिट की शुरुआत शुक्रवार से की गई। आइआइएम में आयोजित तीन दिनी कार्यक्रम में प्रबंधन के दिग्गज, उभरते उद्यमी और विचारक अपने विचार साझा करेंगे।

आइआइएम इंदौर के मुख्य अधिकारी सेवानिवृत कर्नल डा. गुरुराज गोपीनाथ पामिडी ने कहा कि सभी प्रतिभागियों को इस समिट से लाभ लेना चाहिए और कुछ नया सीख कर विकास करना चाहिए। उन्होंने विघटनकारी उद्यमिता : आइडिया से इनोवेशन तक विषय पर चर्चा करते हुए चुनौतीपूर्ण मानदंडों और उद्योगों को नया आकार देने की बात की। इसके अलावा बदलाव की निदेशक राधिका ढींगरा ने मासिक धर्म स्वच्छता और वर्जनाओं पर चर्चा की। फ्लेक्सीबीज की सह-संस्थापक और सीईओ श्रेया प्रकाश ने अपनी उद्यमशील यात्रा के अनुभवों को साझा किया। मेन्सा ब्रांड्स के एचआर कपिल वर्धन ने उच्च-प्रदर्शन संस्कृतियों और रणनीतिक संसाधनों के निर्माण पर बात की। ईफीड के संस्थापक कुमार रंजन ने नवाचार और स्थिरता के माध्यम से पशुपालकों के लिए समस्याओं को हल करने की अपनी यात्रा पर चर्चा की। इस दौरान क्विज प्रतियोगिता भी हुई, जिसमें विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अगले दो दिनों में आइएएस पी नरहरि, सोलअप की सह संस्थापक पुनीता मित्तल, 1000 यूनिकार्न के संस्थापक और सीईओ मानसिंह गढ़वी सहित अन्य वक्ता मौजूद रहेंगे।



उद्बोधन देते सेवानिवृत्त कर्नल डा. गुरुराज गोपीनाथ पामिडी